कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–13, अंक–11, मार्च 2013

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## कामधेनु इस्पात लि. ने गोवा में की विशाल डिस्ट्रीब्यूटर्स मीट की मेजबानी




बुनियादी ढांचा क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों में से एक कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने 8 से 10 मार्च तक खूबसूरत समुद्री किनारों के शहर गोवा में डिस्ट्रीब्यूटर्स मीट **'उड़ान–स्ट्रॉंगर वी राइज'** का भव्य आयोजन किया। होटल हॉलीडे इन में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में देश भर से कामधेनु इस्पात लिमिटेड के 130 से ज्यादा डिस्ट्रीब्यूटर्स और स्टाफ मैम्बर्स शामिल हुए।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के चेयरमैन और एमडी श्री सतीश अग्रवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी डिस्ट्रीब्यूटर्स और कर्मचारियों की प्रतिकूल परिस्थितियों में भी बेहतर प्रदर्शन करने पर जमकर सराहना की। अपने स्वागत भाषण में श्री अग्रवाल ने पिछले कुछ सालों में कंपनी की सफलताओं और खासकर पिछली कुछ तिमाहियों में स्टील क्षेत्र में चुनौतीपूर्ण हालात के बावजूद कंपनी की कामयाबियों की चर्चा की। उन्होंने कंपनी की ओर से अपनाई गई मार्केटिंग रणनीतियों की भी चर्चा की।

श्री सतीश अग्रवाल ने अपना संदेश देते हुए कहा, "चूँकि हमने फ्रैंचाइजी बिजनेस मॉडल की रणनीति अपनाई है ऐसे में बाजार में हमारे लगातार विस्तार में डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स की सबसे अहम भूमिका है। कामधेनु इस्पात लिमिटेड की कामयाबियों में आपकी कड़ी मेहनत और लगन का बड़ा योगदान है। कामधेनु इस्पात लिमिटेड और कामधेनु पेंट्स, दोनों ने राजस्व में बेहतर विकास दर हासिल की है। इसमें हमारे फ्रैंचाइजी साझेदारों, डिस्ट्रीब्यूटर्स और डीलर्स की मेहनत का नतीजा है।"

इस भव्य कार्यक्रम की शुरुआत श्री विवेकानंद विवेक के प्रोत्साहक सत्र से हुई। इसके बाद श्री सतीश अग्रवाल ने अपना संदेश दिया। कामधेनु इस्पात लिमिटेड के डायरेक्टर श्री सचिन अग्रवाल ने अपने स्वागत भाषण में सभी डिस्ट्रीब्यूर्स को और ज्यादा मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। कामधेनु इस्पात लिमिटेड के डायरेक्टर श्री सुनील अग्रवाल ने कंपनी के साथ जुड़े रहने के लिए सभी डिस्ट्रीब्यूटर्स को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में आयोजित रात्रिभोज के दौरान भी डिस्ट्रीब्यूटर्स ने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ खुलकर चर्चा की और संगीतमय शाम का आनन्द लिया।





# मनोरंजन, मस्ती और धमाल

कामधेनु इस्पात लिमिटेड का गोवा में आयोजित विशाल डिस्ट्रीब्यूटर्स मीट **'उड़ान–स्ट्राँगर वी राइज'** महज एक कारोबारी कार्यक्रम नहीं था। तीन दिन के इस कार्यक्रम के दौरान कामधेनु इस्पात लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों और वितरकों ने गोवा के हसीन नजारों से भरपूर समुद्री किनारों और मौसम का भी आनंद उठाया।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के मैनेजमेन्ट टीम के अलावा कंपनी के अन्य अधिकारियों जैसे श्री विवेक माहेश्वरी, श्री अमित सोनी, श्री चंदन गोस्वामी, सुश्री शिविका रावत, श्रीमती नीतू कटारिया, श्रीमती आरती सरकार, श्री दिलीप मेहरा, श्री एस बी शर्मा, श्री सुशील चौधरी, श्री विनोद कुमार गहलौत, श्री विजय कुमार श्रीवास्तव, श्री वाई आर पंडिता, श्री राकेश मिसरी, श्री मयंक श्रीवास्तव, श्री एन बी सिंह, श्री देवेश त्यागी, श्री विशाल अग्रवाल, श्री योगेश वर्मा, श्री संतोष शुक्ला, श्री सागर प्रताप सिंह और अन्य सभी सदस्यों ने गोवा के मशहूर पर्यटन स्थलों का जमकर लुत्फ उठाया।

डिस्ट्रीब्यूटर मीट के दूसरे दिन की शाम सभी के लिए बेहद खास रही। विदेशों से आये डांस कलाकारों के प्रदर्शन से सभी लोक मस्त हो गए। इस दौरान सभी सदस्य कई मशहूर गानों पर थिरकते नजर आए।



# अमीरों को देना होगा ज्यादा टैक्स

वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने इस बार बजट 2013–14 में रॉबिनहुड की भूमिका निभाई है। मतलब अमीरों से लेकर गरीबों में बांटने वाला रॉबिनहुड। वित्त मंत्री ने बजट में पहली बार अमीरों पर अलग से टैक्स लगाया है। अब सालाना एक करोड़ से ज्यादा कर योग्य आय वालों को 10 फीसदी सरचार्ज भी देना होगा।




वहीं वित्त मंत्री ने टैक्स स्लैब में तो कोई बदलाव नहीं किया है, लेकिन सालाना 5 लाख तक की कमाई वाले लोगों को टैक्स में 2000 रुपये की अतिरिक्त छूट देने का ऐलान जरूर किया है।

वित्त मंत्री ने इस बार के बजट में बड़ी गाड़ियाँ खरीदना और महंगा कर दिया है। बजट में एसयूवी पर एक्साइज ड्यूटी 27 फीसदी से बढ़ाकर 30 फीसदी कर दी है। साथ ही विदेश से आयतित लग्जरी गाड़ियों पर इंपोर्ट ड्यूटी 75 फीसदी से बढ़ाकर 100 प्रतिशत कर दी गई है।

बजट 13–14 में बुनियादी ढांचा क्षेत्र में विकास की रफ्तार बढ़ाने के लिए कई उपाय किए गए हैं। स्टील क्षेत्र को उम्मीद है कि निर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में बढ़ोत्तरी का फायदा स्टील उद्योग को होगा।

# यूपीए से अलग हुई डीएमके

केंद्र की यूपीए सरकार के सामने मुश्किल बढ़ गई है। यूपीए की अहम साझेदार पार्टी डीएमके ने सरकार से समर्थन वापस ले लिया है। डीएमके के लोकसभा में 18 सांसद हैं।

डीएमके ने श्रीलंका के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में अमेरिका की ओर से पेश किए प्रस्ताव में भारत की ओर से कुछ संशोधन की माँग नहीं मानने की वजह से समर्थन वापस ले लिया है।

हालाँकि डीएमके के समर्थन वापस लेने से सरकार पर तत्काल कोई खतरा नहीं हैं। इसकी वजह है कि सपा और बसपा बाहर से यूपीए को समर्थन दे रहे हैं। डीएमके के समर्थन वापस लेने के बाद भी सरकार के पास 282 सांसदों का समर्थन है, जबकि बहुमत के लिए 270 सांसदों की जरूरत है। लेकिन केंद्र सरकार अब सपा और बसपा पर पूरी तरह आश्रित हो गई है।

# बेस्ट डिस्ट्रीब्यूटर के खिताब से गदगद हुए वितरक

गोवा में 8 से 10 मार्च के बीच आयोजित विशाल डिस्ट्रीब्यूटर मीट **'उड़ान–स्ट्राँगर वी राइज'** का दूसरा दिन बेहद रंगारंग रहा। इस दिन का सबसे खास आकर्षण बेस्ट डिस्ट्रीब्यूटर और एक्सिलेंस पुरस्कार समारोह रहा। इसके तहत कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने देश में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने













वाले चुनिंदा वितरकों को सम्मानित किया।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल ने बेस्ट डिस्ट्रीब्यूटर्स को ट्रॉफी वितरित की। इस अवसर पर गुजरात से श्री मुकेश भाई, श्री राकेश भाई, श्री हितेश भाई और श्री मनोज भाई को उनके बेहतरीन योगदान के लिए बेस्ट डिस्ट्रीब्यूटर के खिताब से नवाजा गया।

टीम रायपुर के श्री दीपक सिंघल, श्री विशाल जिंदल, श्री विक्की बजाज और श्री मुकेश अग्रवाल को प्रतिष्ठित ट्रॉफियाँ दी गईं। वहीं टीम गोवा से श्री अनिल खरित और श्री सुनील खरित को बेस्ट डिस्ट्रीब्यूटर का पुरस्कार दिया गया। आंध्र प्रदेश से श्री महेश वत्तम, श्री पंकज अग्रवाल और श्री प्रदीप अग्रवाल को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।

इनके अलावा श्री प्रदीप गर्ग, श्री मोहन अग्रवाल, श्री अशोक गुप्ता और श्री बलवंत सिंह चौधरी को भी बेस्ट डिस्ट्रीब्यूटर के खिताब से नवाजा गया।

अपने बेहतरीन प्रदर्शन को पहचान मिलने से सभी वितरक गदगद नजर आए। कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने अपनी कड़ी मेहनत से बाजार में एक अलग छाप छोड़ने के लिए सभी वितरकों की सराहना की। उन्होंने कहा, "कामधेनु इस्पात लिमिटेड को गर्व है कि उसकी टीम में इतनी कड़ी मेहनत करने वाले डिस्ट्रीब्यूटर्स हैं। यह पुरस्कार उनके योगदान को पहचानने और उन्हें प्रोत्साहित करने की छोटी सी कोशिश है।"

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2012-14
Production Date: 25.03.2013





# संभावनाओं की नई उड़ान

























गोवा मीट **'उड़ान–स्ट्रॉंगर वी राइज'** में कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने अपने सदस्यों को कड़ी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट योगदान के लिये प्रमाणपत्र से सम्मानित किया। इस अवसर पर कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी सदस्यों की एकता के महत्व पर फिर से जोर देते हुए उन्हे और बेहतर प्रदर्शन करने के लिये बाजार में नई संभावनाएं तलाशने के महत्व को भी बताया।

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com